तक शासनादेश जारी नहीं किया गया। निदेशक प्रोफेसर मानू सिंह ने कहा कि मिलकर काम करके एंटीमाइक्रोबियल का प्रयोग

अपनी ताकत को पहचाने छात्रःओंकार सिंह

विमर्श कार्यक्रम में कुलपति ओंकार सिंहने छात्रों को समय की महत्ता को समझाया

अमर हिन्दुस्तान ब्यूरो

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून के कुलपति, प्रोफेसर डॉ ओंकार सिंह ने विमर्श कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कैम्पस संस्थान टीएचडीसी- आईएचईटी, टिहरी के छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा की जिसका मुख्य विषय उनकी समस्याओं को जानना तथा उनका निराकरण करना था। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय स्तर पर उठाए जा रहे अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।

कुलपति ने बताया कि प्रत्येक छात्र को अपनी ताकत को पहचानना चाहिए तथा अपने लक्ष्य को उस दिशा में निर्धारित करना चाहिए । साथ ही साथ उन्होंने विद्यार्थियों को

सीखते हुए कमाएं स्कीम की जानकारी दी जिसके तहत विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ कमाई भी कर सकते हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मदद मिल सकेगी। कुलपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि छात्र विभिन्न क्लबों के माध्यम से अपनी अपनी रुचियां एवं कौशल के अनुसार अपने लक्ष्य का निर्धारण करें।

इसके उपरांत कुलपति महोदय ने संस्थान के शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से संवाद स्थापित किया जिसमें उन्होने संस्थान द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को जाना कुलपति ने इस बात पर जोर दिया कि सभी कर्मचारियों को सम्मिलित प्रयास एवं सकारात्मक विचारधारा के साथ विद्यार्थियों एवं संस्थान के हित में कार्यरत रहना चाहिए। इस मौके पर संस्थान के सहा कुलसचिव, डीन एकेडमिक, डीन स्टूडेंट वेल्फेयर, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट, ट्रेनिंग एवं प्रशिक्षण अधिकारी एवं समस्त विभागीय अध्यक्ष व फैकल्टी के साथ संस्थान के कर्मचारी भी शामिल रहे।